<u>बीएचईएल ने अस्पतालों में ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू की</u>

नई दिल्ली, 25 अप्रैल: कोविड-19 की दूसरी लहर के चलते आई इस राष्ट्रीय आपदा के बीच, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) देश में मेडिकल ऑक्सीजन की बढ़ती मांग को पूरा करने की स्थिति पर पहुँच गया है। बीएचईएल के भोपाल और हरिद्वार स्थित विनिर्माण संयंत्रों ने अपने आसपास के अस्पतालों में वर्तमान संकट की स्थिति के कारण ऑक्सीजन की मांग में आई वृद्धि को पूरा करने के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू कर दी है।

ऑक्सीजन की दैनिक बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बीएचईएल का भोपाल संयंत्र भोपाल स्थित अस्पतालों को प्रतिदिन 6,000 क्यूबिक मीटर से अधिक ऑक्सीजन गैस की आपूर्ति कर रहा है। इस इकाई ने 23 अप्रैल 2021 को रिकॉर्ड 975 सिलेंडरों की आपूर्ति की । हरिद्वार संयंत्र अपनी आधारभूत संरचना को अद्यतन कर रहा है ताकि चिकित्सकीय उपयोग के लिए प्रति दिन लगभग 16,000 क्यूबिक मीटर ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा सके। शीघ्र ही, यह इकाई प्रतिदिन लगभग 700 सिलेंडर की क्षमता से बढ़कर प्रति दिन लगभग 2,200 सिलेंडर की आपूर्ति करने में सक्षम होगी ।

ऑक्सीजन की यह आपूर्ति कैप्टिव ऑक्सीजन संयंत्रों से की जा रही है, जिन्हें इन इकाइयों में उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया था। कंपनी की अन्य इकाइयों में भी ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए प्रयास जारी हैं। बीएचईएल की इस पहल का उद्देश्य कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई लड़ने में देश का समर्थन करना है।